तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 20 जुलाई 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 ईडी व भाजपा सरकार का कांग्रेस ने पुतला...



14 विश्व इमोजी व पेपर बैग दिवस पर बच्चों...






## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से युवती की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत 21 वर्षिय फुलबासन को साप ने काट लिया, जिसे इलाज के लिए अंतागढ़ अस्पताल लेकर जाने पर इलाज के दौरान मौत हो गया। नावागावड़े निवासी 45 वर्षीय मानिक लाल ने पुलिस को बताया कि मृतिका को 17 जुलाई की रात को साप ने काट लिया। इलाज के लिए अंतागढ़ के अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सर्पदंश से दो साल के बच्चे की हुई मौत

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत दो वर्षिय प्रवीण कुमार का साप के डसने से 17 जुलाई को मौत हो गया। मण्डागांव निवासी 27 वर्षीय हीरालाल ने पुलिस को बताया कि पत्नी व उसका बेटा रात को सोए हुए थे। रात को अचानक साप ने दो वर्षिय बेटे प्रवीण को काट लिया। इलाज के लिए अंतागढ़ के अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसका मौत हो गया।

### उपचार के दौरान युवक की मौत, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 34 वर्षीय दीपक विश्वास का अज्ञात कारणों के चलते 18 जुलाई को मौत हो गया। सिविल अस्पताल पखांजुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया शेष पेज 12 पर

### कार्रवाई : घायलों ने पुलिस को बताई बैठने की पोजिशन, फिर कलेक्ट किए कंकाल

# मृतकों के कंकाल को निकालने पुलिस को लगे छः घंटे, एक्सीडेंट के मंजर को देखने जुटी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सड़क दुर्घटना की खबर आग की तरह आसपास पूरे इलाके में फैल जाने के कारण रात को हुए मंजर को देखने के लिए हुजूम जुट गया था।

राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण यातायात भी लगातार प्रभावित हो रहा था, परंतु पुलिस यातायात भी बहाल कर रहा था और कंकाल को निकालने के लिए प्रयासरत रही। फायर ब्रिगेड से आग पर काबू पाने के बाद भी कार की गरमाहट के कारण कंकाल नहीं निकल पा रहे थे। पुलिस ने जैसे तक सुबह सात बजे कार से कंकाल निकालकर शव परीक्षण गृह में पहुंचाया और शनिवार 19 जुलाई की शाम 6 बजे पीएम हो पाया।



कार पुल की रेलिंग से टकराई, टीम कर रही जाँच




एक्सीडेंट के मंजर को देखने जुटी भीड़

जानकारी के अनुसार रात एक बजे की एक्सीडेंट की खबर मिलते ही कांकेर थाना से टीआई मनीष नागर अपनी टीम के साथ रात को डेढ़ बजे घटनास्थल पहुंच गए थे, वहीं एसडीओपी मोहसिन खान भी रात को पहुंच गए थे। सुबह होते ही घटना का वीडियो आग की तरह फैल गया और घटना को देखने के लिए हुजूम एकत्र हो गया था। पुलिस यातायात को भी बहाल कर रही थी, वहीं एक्सीडेंट कार से मृतको के कंकाल को निकालने के लिए साधन और कर्मचारी जुटाने में लगे थे। संसाधन और कर्मचारी के आने के बाद सुबह 7 बजे चारों कंकाल को कार में बैठे पोजिशन के तहत उनके नाम की पर्ची के साथ चादर में बांधकर मरचुरी के लिए रवाना किया। एक्सीडेंट के मंजर को देखने के लिए लगातार भीड़ बढ़ते जा रही थी और भीड़ का हर आदमी एक्सीडेंट के मंजर को मोबाइल में कैद करने के लिए उत्सुक नजर आया। पुलिस ने कंकाल को मरचुरी के लिए रवाना करने के उपरांत राहत की सांस लिया। पुलिस विभाग को कंकाल के शव को एंबुलेस में शिफ्ट करने के लिए नगरपालिका की मदद लेनी पड़ी।



युवराज शोरी (मृतक)



हेमंत शोरी (मृतक)



प्रीतम नेताम (घायल)



सुरज उईके (मृतक)



दीपक मरावी (मृतक)



पृथ्वीराज सलाम (घायल)

### हम लोग कैसे बचे हमें नहीं पता

केशकाल के ढोढरेपाल निवासी घायल प्रीतम एवं पृथ्वीराज सलाम ने बताया कि अपने चार साथी बाड़ाटोला निवासी कार चालक युवराज शोरी, सिंघनपुर केशकाल निवासी हेमंत शोरी, ढोढरेपाल निवासी सूरज उइके, ढोढरेपाल निवासी दीपक मरावी पिता असादू राम मरावी के साथ मुरूवेंड ढाबा में चाय पीने रुके थे, उसके बाद युवराज को छोड़ने के लिए कांकेर आ रहे थे, अचानक कार टकराई और यह हादसा हो गया। हम लोग कैसे बचे, यह समझ में नहीं आ रहा है।

### कार के सामने का हिस्सा पुलिया से टकराया

कार का सामने का हिस्सा पुलिया के कार्नर से टकराकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और बैटरी और इंजन आयल सभी क्षतिग्रस्त हो गए। जोरदार टक्कर लगने से वायर में चिंगारी निकली होगी और कार में आग लग गई। कार के एक तरफ सड़क और दूसरी तरफ पुल की खाई थी। कार जिस तरह से टकराई है, उससे यही लग रहा है कि कार की गति बहुत तेज रही होगी।

### मालिक को नहीं पता चालक कब ले गया कार

कार क्रमांक सीजी 04 पीजे 7460 मालिक प्रवीण जैन एमजी वार्ड का निवासी है और बिल्डिंग मटेरियल विक्रेता का काम करता है। इस कार को किराए पर चलवाता है। उसका कहना है कि मैं अभी कांकेर से बाहर हूं और चालक मेरी कार कब ले गया, इसकी जानकारी मुझे नहीं है। कांकेर आने के बाद ही सही तस्वीर स्पष्ट हो पाएगी।

## नैनी नदी पुल की रेलिंग पर बस चढ़ी हेल्पर की मौत, यात्री खिड़की से कूदे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

जिले के चारामा थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर शनिवार 19 जुलाई को रायपुर की ओर से चारामा आ रही सवारी बस की तेज रफ्तार के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और बस नैनी नदी के पुल के रेलिंग पर चढ़ गई, जिसमें गेट पर खड़े हेल्पर की मौत हो गई और कुछ सवारी घायल हुए। मौके पर पहुँची पुलिस ने सवारियों को सुरक्षित उतारा और शव को पीएम के लिए चारामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक 19 जुलाई को दोपहर लगभग 12 बजे के आसपास बस क्रमांक सीजी 07 एएफ 4444 रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रही थी। बस की रफ्तार काफी तेज थी और अचानक नियंत्रण खो देने से यह सीधा नैनी नदी के पुल की रैलिंग में जा घुसी। हादसे के बाद बस में अफरा-तफरी मच गई। कई यात्री डर के मारे खिड़कियों से कूदकर बाहर निकले, जबकि कुछ लोग बस के अंदर ही फंस गए। स्थानीय लोगों की मदद से फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी मिलते ही चारामा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल घायलों का इलाज जारी है। बस को सड़क से हटाकर यातायात शेष पेज 12 पर

- पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया

### सवारी बसों की टाइमिंग फेल

एएसपी दिनेश सिन्हा ने बताया कि सवारी बसों की टाइमिंग फेल होने के कारण बस को बहुत तेज गति से चलाते है, जिसके कारण इस तरह के हादसे हो जाते है। नैनी नदी के पुल से टकराने पर बस के हेल्पर की मौत हुई है और अन्य सवारी को मामूली चोट आई है। बस को मौके से हटाकर यातायात को बहाल किया गया।

## भैंसमुंडी में बुजुर्ग की ब्लेड से गला काटकर की हत्या, आरोपी की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भैंसमुंडी में रंजिश के चलते आरोपी युवक ने बुजुर्ग का ब्लैड से गला रेतकर हत्या कर फरार हो गया। आरोपी युवक ने बुजुर्ग की हत्या किस वजह से किया, यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तालाश में जुटी हुई है। भानुप्रतापपुर थाना के कच्चे चौकी में शिकायत करने पहुंचे भैंसमुंडी निवासी 27 वर्षीय भुनेश्वर कांगे पिता आनंद राम कांगे ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं और 19 जुलाई की सुबह से गाय बैल को चराने घर से कुछ दूर गया था। सुबह करीबन साढ़े 11 बजे मेरा भाई युवराज कांगे ने फोन करके बताया कि दादा श्याम लाल का गला कटा है, गले से खून निकल रहा है। जानकारी मिलते ही तुरंत घर बाड़ी में आया देखा तो मेरे दादा कुर्सी पर बैठा था, गला कटा था। गले से खून निकल रहा था। तब मै घर में रखे रूई एवं सफेद पट्टी को लेकर आया और दादा के गले को पट्टी किया। मैने अपने दादा को पूछा शेष पेज 12 पर






### नल कनेक्शन और पानी टंकी सफेद हाथी बना, अधिकारियों ने साधी चुप्पी

# लाखों की लागत से साल्हे में बनी टंकी से चार साल बाद भी जल की आपूर्ति नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

साल्हे ग्राम पंचायत में लाखों रुपए की लागत से बनी पानी की टंकी अब गांव की प्यास बुझाने के बजाय खुद प्यासी खड़ी है। पेयजल आपूर्ति के उद्देश्य से लगभग चार साल पहले बनाई गई यह टंकी और उससे जुड़े नल कनेक्शन अब केवल शो पीस बनकर रह गए हैं। ग्रामीणों की मानें तो टंकी बनने के बाद से पानी की समस्या और भी गंभीर हो गई है।

- अनुविभागीय अधिकारी जवाब देने के लिए नहीं आते सामने

विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत साल्हे के हर घर तक नल कनेक्शन तो पहुंचा दिए गए, लेकिन इनमें एक बूंद पानी भी नहीं आ रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि नई टंकी को पुराने ही पाइपलाइन से जोड़ दिया गया है, जिससे पहले जो थोड़ा-बहुत पानी मिलता था, वह भी अब बंद हो गया है। पंचायत सचिव ने बताया कि जिस जगह पर टंकी बनाई गई है, वहां पहले बोरवेल भी किया गया था, लेकिन पानी नहीं मिला। इसके बावजूद पीएचई विभाग ने बिना स्थानीय सलाह लिए उसी जगह विशाल टंकी का निर्माण करवा दिया। नतीजा यह रहा कि टंकी खाली खड़ी है और गांव पानी के लिए तरस रहा है। हर घर जल जैसी बहुउद्देश्यीय योजनाएं कागजों में तो प्रभावशाली लगती हैं, लेकिन साल्हे ग्राम की तस्वीर इसका उल्टा सच बयां करती है। गांव के बीचोंबीच खड़ी पानी की विशाल टंकी अब एक प्रतीक बन गई है। सरकारी योजनाओं और जमीनी सच्चाई के बीच गहरे अंतर यही है। टंकी अब ग्रामीणों को हर दिन याद दिलाती है कि कैसे लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद उनकी प्यास नहीं बुझा पा रही है।



इस मामले में जानकारी लेने के लिए पीएचई विभाग के अनुविभागीय अधिकारी यशवंत कुमार ध्रुव से शेष पेज 12 पर

**खबर संक्षेप**



## 800 से अधिक पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाया गया

**कोण्डागांव।** जिले में सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक सराहनीय पहल की जा रही है, जिसके तहत घुमंतू पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाए जा रहे हैं। यह पहल सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने और पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

किया गया 12 पशुओं का टीकाकरण – शनिवार को इस अभियान के तहत उपसंचालक, पशुपालन विभाग के मार्गदर्शन में डॉ. रुचिका सोनपिपरे के नेतृत्व में श्रीमती मालती नेताम पशुधन विभाग की संयुक्त टीम एवं नगर पालिका के दल द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुल 21 पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाए गए। इसके साथ ही 12 पशुओं का टीकाकरण भी किया गया।

लगभग 800 पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाया जा चुका है – पशुपालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले में लगभग 800 पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाया जा चुका है, जिसमें से वर्ष 2025 में अब तक 70 पशुओं को यह बेल्ट लगाए गए हैं। यह प्रयास न केवल सड़क हादसों की रोकथाम में मददगार सिद्ध हो रहा है, बल्कि पशुओं की जानमाल की सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। यह अभियान भविष्य में और व्यापक रूप से जारी रखने की योजना है जिससे जिले में सड़क सुरक्षा को और अधिक मजबूत किया जा सके।

# जूडो की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लेखा नेताम ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

16 से 20 जुलाई तक उत्तर प्रदेश के नोएडा में 54वीं केन्द्रीय विद्यालय राष्ट्रीय स्तर की जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

कोण्डागांव की लेखा नेताम का उत्कृष्ट प्रदर्शन – कोण्डागांव जिले के बदांपारा निवासी लेखा नेताम ने प्रतियोगिता में –52 किलो भार वर्ग में भाग लिया। लेखा नेताम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। लेखा नेताम ने 41वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस से जूडो का प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

**नोएडा में केन्द्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता हुई**



### जिला व राज्य स्तर पर मिली सराहना

लेखा नेताम की इस राष्ट्रीय स्तर की सफलता पर जिला प्रशासन कोण्डागांव, उप महानिरीक्षक संजीव रोलबा और सेनानी नरेंद्र सिंह द्वारा उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी गई है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र से उभरते इस प्रकार के प्रतिभावान खिलाड़ियों की उपलब्धियों को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिल रही है।

**युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी लेखा नेताम** – लेखा नेताम की यह सफलता न केवल उनके परिवार और जिले के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी एक प्रेरणास्रोत है। प्रशिक्षण और कड़ी मेहनत से किस प्रकार राष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है, इसका उदाहरण लेखा नेताम ने प्रस्तुत किया है।

आईटीबीपी के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की अहम भूमिका – लेखा नेताम की इस उपलब्धि के पीछे 41वीं वाहिनी आईटीबीपी का अहम योगदान रहा। उप महानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय भुवनेश्वर संजीव रोलबा के मार्गदर्शन और सेनानी नरेंद्र सिंह के अथक प्रयासों के तहत जिले में आईटीबीपी द्वारा निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। विशेष रूप से नक्सल प्रभावित क्षेत्रें में इन प्रशिक्षणों से युवाओं को सकारात्मक दिशा में अग्रसर किया जा रहा है।

प्रशिक्षकों को भी मिली सराहना – इस उपलब्धि में प्रशिक्षक उदय सिंह यादव और नारायण सोरेन की भूमिका को भी विशेष रूप से सराहा गया है, जिन्होंने लेखा नेताम को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया।

**कर्मचारी हलचल: वेतन विसंगति पर गठित समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए**

# अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सीएम के नाम पर सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने प्रदेश के शासकीय सेवकों की प्रमुख 11 मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी केशकाल की ओर से तहसीलदार महोदय के माध्यम से प्रेषित किया गया। ..ज्ञापन में फेडरेशन ने मांग की है कि शासकीय सेवकों को केंद्र सरकार के समान 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से प्रदान किया जाए, जुलाई 2019 से लंबित डीए की एरियर्स राशि जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए और वेतन विसंगति पर गठित समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। अन्य प्रमुख मांगों में 8, 16, 24 और 30 वर्ष की सेवा पर पदोन्नत वेतनमान का लाभ, सहायक शिक्षक एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान प्रदान करने, अन्य भाजपा शासित राज्यों की तरह कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने.., मध्यप्रदेश की तर्ज पर 300 दिवस तक अवकाश नगदीकरण की अनुमति, खाते में कटौती तिथि से सेवा गणना करते हुए पूर्ण पेंशन पात्रता होफेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि यदि मांगों पर निर्णय नहीं होता है तो प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसके अंतर्गत राज्य भर में रैलियों के माध्यम से ज्ञापन सौंपे जाएंगे और 22 अगस्त को सामूहिक



### जिला एवं तहसील मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा

प्रातीय संचालक—केदार जैन ने मोदी की गारन्टी को लागू करने व समय-समय मंहगाई भत्ता को दिये जाने की मांग की.. प्रवक्ता—अली पासा ने कहा कि वर्तमान सरकार अपने वायदे से बार बार मुकर रही है.. जिसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा.. सह संयोजक—लोकेश गायकवाड ने 11 सूत्रीय मांगो को सभा मे वाचन किया... सभा का संचालन—रोशन हिरवानी ने किया। इस अवसर काफी संख्या मे कर्म चारी उपस्थित रहे। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिक्षक साझा मंच के संचालक—केदार जैन, प्र प्रातीय संचालक, लोकेश गायकवाड, सह संयोजक जिला कोडागांव, श्याम लाल कोर्राम संयोजक केशकाल, गिरजा शंकर साहू सह संयोजक विकास खण्ड के जाबांज पदाधिकारीगण—अमित मंडावी,शुएब अली, देवेन्द्र कुपाल,नीलम मेश्राम, गजेन्द्र सुरोजिया, राधेश्याम मंडावी, दिनेश टेकाम. सनवारू गावडे. चंद्र किशोर सलामे, मोहित नेताम, विवेक नेताम, प्रवीण शोरी आदि सेवारत सहित विभिन्न विभागों के शासकीय सेवक उपस्थित रहे।

# छात्र संघ का हुआ चुनाव, सागर एवं सायना बने हरनगढ़ विद्यालय के हेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी और अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हरनगढ़ में छात्र संघ चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से हुआ, जिसमें सागर मंडल को बॉय हेड और सायना विश्वास को गर्ल्स हेड चुना गया और आदि मजूमदार को उपनायक बनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्यामल चंद्र दे के निर्देशानुसार यह चुनाव प्रक्रिया केंद्र और राज्य सरकार की चुनाव पद्धति के अनुरूप आयोजित की गई थी। छात्रों को चुनाव दल का प्रभारी और पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया, जिन्होंने मतपत्रों के साथ बूथ केंद्र स्थापित कर मतदान संपन्न कराया। चुनाव के नोडल अधिकारी के रूप में शिक्षक मनोज मंडल और श्यामल कुमार देबनाथ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थियों को चुनाव प्रक्रिया की



जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है और इसी उद्देश्य से यह चुनाव उसी गंभीरता और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया, जिस प्रकार सरकारी चुनाव होते हैं। छात्र-छात्राओं ने कहा कि शिक्षकों द्वारा दी गई चुनाव संबंधी जानकारी से उन्हें चुनावी प्रक्रिया की पूरी समझ मिली है, जिससे भविष्य में उन्हें चुनाव से संबंधित कोई दिक्कत नहीं होगी। यह चुनाव विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया और नेतृत्व कौशल को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

## सेजेस बागोडार में बाल कैबिनेट गठित

**कांकेर।** छात्रों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए बागौड़र में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। चुनाव प्रक्रिया के द्वारा विद्यार्थियों ने सर्वसम्मति से शाला



नायक योगेश कुमार निषाद, उपशाला नायक पवन सेन, छात्रा प्रतिनिधि रेशमा सिन्हा, उपशाला प्रतिनिधि मीनाक्षी शोरी का चयन किया गया और साथ ही अनुशासन, क्रीड़ा, योग, व्यायाम, बागवानी, स्वच्छता, विज्ञान प्रमुख एवं मंच संचालन प्रमुख का विधिवत चयन किया गया। इसके पश्चात विद्यालय में छात्र-छात्राओं को सत्यम, शिवम, सुंदरम एवं मधुरम समूह में बाँटा गया ताकि वे एक दूसरे के साथ मिल-जुलकर विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें। इस अवसर पर प्राचार्य के द्वारा विद्यार्थियों को विद्यालय में समय-समय पर होने वाली विविध गतिविधियों में भागीदारी करने, आपसी सहयोग से अपनी जिम्मेदारी निभाने तथा मन लगाकर पढ़ाई करते हुए विद्यालय की उन्नति में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

**शिक्षकों को शिक्षण के आधुनिक और सरल तरीकों से अवगत कराया गया**

# सशिमं के शिक्षकों को शैक्षणिक एवं नैतिक विषयों पर दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शनिवार को सरस्वती शिक्षा मंदिर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कोंडागांव में एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और विभिन्न शैक्षणिक एवं नैतिक विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

जिले के अन्य विद्यालयों के शिक्षक भी रहे शामिल – विद्यालय के संचालक जगमोहन चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोंडागांव जिले के सभी सरस्वती शिक्षा मंदिर विद्यालयों के शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को न केवल शिक्षण के आधुनिक और सरल तरीकों से अवगत कराना था बल्कि उन्हें छात्रें में भारतीय संस्कार नैतिक मूल्य और अनुशासन की भावना विकसित करने हेतु प्रेरित करना भी था।

प्रशिक्षण में शामिल विषय – कार्यक्रम में विभिन्न विशेषज्ञों और वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा निम्नलिखित प्रमुख विषयों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। बच्चों को सरल और सुलभ तरीके से पढ़ाने की रणनीतियाँ, भारतीय संस्कृति और संस्कारों का समावेश शिक्षा में करें, विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने की प्रभावी विधियाँ, शिक्षा के साथ–साथ चरित्र निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना, शिक्षकों ने साझा किए अनुभव और



विचार प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने आपस में अपने शिक्षण अनुभव साझा किए और कई उपयोगी शिक्षण तकनीकों का आदान–प्रदान भी किया। शिक्षकों ने इस प्रकार के कार्यक्रम को न केवल उपयोगी बताया, बल्कि इसके नियमित आयोजन की आवश्यकता भी जताई।

विद्यालय प्रबंधन की पहल को सराहना – शिक्षकों और अतिथियों द्वारा विद्यालय प्रबंधन की इस पहल की भूरी–भूरी प्रशंसा की गई। सभी का मानना था कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों की दक्षता बढ़ाने के साथ–साथ शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मौजूद रहे ये – कोंडागांव विद्यालय प्रिंसिपल कुमारी दीक्षित प्रभा ठाकुर, वरिष्ठ शिक्षक आई पी साहू, तनूजा शेख, कुमारी तिहारी बघेल, श्रीमती उषा नाग श्रीमती कशिश देवांगन श्रीमती मनीषा चक्रधारी, कुमारी प्रिया कोर्राम एवं अन्य शिक्षक गण, रांधना विद्यालय से कुमारी पुष्पा नेताम प्रिंसिपल, कुमारी मधु मरकाम, एवं अन्य शिक्षक गण,बालोंड विद्यालय से कुमारी मनीषा मरकाम प्रिंसिपल, लोकेश कुमार नेताम एवं अन्य शिक्षक गण, फरसगॉव विद्यालय से श्रीमती सुप्रिया यादव, श्रीमती लता पांडे एवं अन्य शिक्षक गण, लुभा विद्यालय से कुमारी सेनम मरकाम प्रिंसिपल, कुमारी मनीषा मरकाम एवं अन्य, मुलमला विद्यालय से कुमारी राजेश्वरी नेताम प्रिंसिपल, कुमारी प्यार बती बघेल एवं अन्य, चिमड़ी विद्यालय से श्रीमती माधुरी बघेल प्रिंसिपल, पिंकी नाग एवं अन्य, मोहलई विद्यालय से कुमारी अंजू नेताम प्रिंसिपल, श्रीमती बबिता नाग एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।



## सड़क संकेतक टर्निंग मिरर को शरारती तत्वों ने तोड़ा

**पखांजूर।** बड़गांव से बांदे तक के रास्ते में और पीव्ही 39 की मोड़ पर पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा के लिए लगाए गए कई टर्निंग मिरर को शरारती तत्वों ने तोड़ दिया है। इन मिरर्स का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना और सड़क उपयोगकर्ताओं को आगे की सड़क की स्थिति के बारे में सूचित कर सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना था। पुलिस ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। एडिशनल एसपी राकेश कुर्रे का कहना है कि सड़क सुरक्षा के लिए स्थापित किए गए उपकरणों को नुकसान पहुंचाना एक गंभीर अपराध है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इन मिरर्स के टूटने से विशेषकर मोड़ों पर वाहन चालकों के लिए जोखिम बढ़ गया है। पुलिस ने सभी सड़क उपयोगकर्ताओं से सावधानी से वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है और साथ ही पुलिस ने आम जनता से भी अनुरोध किया है कि यदि उन्हें मिरर तोड़ने वाले व्यक्तियों के बारे में कोई भी जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# धर्मगुरु खुशवंत साहेब के हमलावरों की गिरफ्तार की मांग पर किया गया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- सतनामी समाज और सर्व अनुसूचित जाति वर्ग ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर जताया विरोध

जिला मुख्यालय कोंडागांव में सतनामी समाज एवं सर्व अनुसूचित जाति वर्ग जिला कोंडागांव के पदाधिकारियों ने एकत्र होकर सतनामी समाज के धर्मगुरु व विधायक आरंग तथा उपाध्यक्ष, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन खुशवंत साहेब पर हुए हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर कार्यालय में अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

नवागढ़ से लौटते समय हमला – यह हमला 12 जुलाई 2025 की रात उस समय हुआ जब खुशवंत साहेब नवागढ़ से एक दिवसीय प्रवास कर लौट रहे थे। हमलावरों ने सुनियोजित तरीके से घात लगाकर उनके वाहन को क्षतिग्रस्त किया। समाज के अनुसार यह हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं बल्कि पूरे सतनामी समाज की आस्था पर हमला है।



समाज ने कहा असामाजिक तत्वों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए – ज्ञापन के माध्यम से समाज ने छत्तीसगढ़ सरकार से मांग की कि इस शर्मनाक घटना को अंजाम देने वाले अपराधी तत्वों को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए धर्मगुरु को जेट प्लस सुरक्षा प्रदान की जाए।

अगर धर्मगुरु सुरक्षित नहीं तो आम जनता कैसे धंसराज टंडन – धंसराज टंडन, जिला अध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति वर्ग, ने कहा कि अगर विधायक और अनुसूचित जाति प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की सुरक्षा नहीं हो पा रही, तो आम जनता कैसे सुरक्षित रह सकती है उन्होंने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल रहे ये प्रमुख पदाधिकारी – एमडी बघेल संरक्षक सर्व अनुसूचित जाति वर्ग, राधे कृष्णा बंजारे संरक्षक सतनामी समाज, पी. एल. ठावरे उपाध्यक्ष, सानू मारकंडे जिला अध्यक्ष सतनामी समाज, तरुण नाग जिला अध्यक्ष उत्कल समाज, मनमोहन नाग कोषाध्यक्ष, भागवत चतुर्वेदी, शिवरात्रु बंजारे, बुद्धू राम नाग, धंसराज टंडन अध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति वर्ग, सभी पदाधिकारियों ने इस हमले को समाज की अस्मिता पर चोट बताया और राज्य सरकार से त्वरित कार्रवाई की पुरज़ोर मांग की।

**पेज 11 के शेष**

### उपचार के दौरान...

गया कि मृतक का मौत होने के उपरांत अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### नैनी नदी पुल...

बहाल कर दिया गया है। इस दर्दनाक हादसे से यात्रियों में दहशत का माहौल देखने को मिला। इस घटना में बस के हेल्पर भुनेश्वर उर्फ भुनी साहू पिता प्रभुराम साहू उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम ईरा थाना भखारा जिला धमतरी की मौत हो गई। चारामा पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, शुरुआती अनुमान के अनुसार बस की तेज रफ्तार और चालक का नियंत्रण खो देना दुर्घटना की वजह हो सकती है।

### भैंसमुंडी में बुजुर्ग...

गला कैसे कट गया है, तो वह बताया कि आरोपी भैंसमुंडी निवासी 29 वर्षीय कनेसिंह कांगे पिता स्व. रतन लाल कांगे ने मेरे मुंह को दबाकर ब्लेड से गला को काटा और भाग गया। परिवार वालो की मदद से हमने दादा श्यामलाल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था कर रहें थे, इसी दौरान श्यामलाल का मौत हो गया। मृतक 70 वर्षीय श्यामलाल कांगे पिता स्व. नोहर सिंह को रंजिश के चलते आरोपी कनेसिंह कांगे ने धारदार ब्लेड से उसके गले में प्राण घातक चोट पहुंचाकर हत्या किया है। कच्चे चौकी पुलिस ने शिकायत पर आरोपी कनेसिंह कांगे के खिलाफ धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

### लाखों की लागत...

संपर्क किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। अक्सर इनसे न तो संपर्क हो पाता है और न ही वे कोई ठोस जानकारी देते हैं।

**नशा मुक्ति, अभिव्यक्ति एप, बाल विवाह, गुड टच बैड टच की भी दी जानकारी**

# छात्र-छात्रों को यातायात नियमों व सायबर क्राइम की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

19 जुलाई को वाय अक्षय कुमार पुलिस अधीक्षक कोंडागांव के निर्देश व कौशलेंद्र देव पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं अरुण नेताम पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल व थाना प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में गिरिदीप हाई स्कूल केशकाल के लगभग 400 छात्र छात्राओं को प्राचार्य फादर टोमिक मैथ्यू व व्याख्याता शिक्षकों के उपस्थिति में उप निरीक्षक अखिलेश धीवर द्वारा महिला संबंधी अपराध,बाल अपराध एवम लैंगिक अपराध की जानकारी,गुड टच बैड टच महिलाओं की सुरक्षा,*अपराध की रोकथाम व नशा से मुक्ति, अभिव्यक्ति एप* ,साइबर अपराध जैसे अनजान व्यक्ति को ओ टी पी शेयर न करना, अनजान से वॉट्सएप





कालिंग न करना, करोड़ पति लाटरी के झांसा में न आना संबंधी जानकारी दिया गया। और अगर कोई ठगी हो जाने पर टोल फ्री नंबर 1930 में कॉल करके सूचना देने, गांव में किसी अनजान व्यक्ति के आने पर थाना में सूचना देना, कही भी गलत काम जुआ सट्टा या शराब बिक्री हो रहा है या कोई शराब पिला रहा है उसकी जानकारी थाना में देना। विस्तृत जानकारी दिया गया तथा *यातायात संबंधी जानकारी दी गई जिसमें वाहन में रखे जाने वाले दस्तावेजों आरसी बुक, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, पोलूशन, परमिट के संबंध में बताया गया। पैदल चलने मोटरसाइकिल में चलने के नियम बताए गए। जिले में घटित हो रही सड़क दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए सड़क दुर्घटना के कारण तेज रफ्तार, नशा कर वाहन चालन, ओवरलोड वाहन चालन, माल वाहन में यात्री परिवहन, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग एवम यातायात नियमों का पालन न करना एवं मौत के कारणों हेलमेट सीटबेल्ट आदि के बारे में और नौकरी लगाने के झांसे में न आना, साथ ही थाना केशकाल का नंबर विद्यार्थी और स्कूल स्टाफ को दिया गया। इस दरमियान प्राचार्य फादर टोमीक मैथ्यू , शिक्षक सेल्बी, सरिता, मैरी,भारती,रश्मि,सुमन, वृंदा,संजीत, मोनिका, संध्या, हेमंत, ममता जेकब, अनुपमा और अन्य स्कूल स्टाफ शिक्षक तथा थाना स्टाप उप निरीक्षक अखिलेश धीवर सहायक उपनिरीक्षक निहार मंडल,प्रधान आरक्षक अरुण मंडावी,महिला प्रधान आरक्षक माधुरी रावतें ,उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### जिला स्तरीय स्वच्छता श्रमदान का आयोजन

**कांकेर।** जिला स्तरीय स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन कोकपुर में किया गया। श्रमदान कर गांव के गली, मुहल्ला, धार्मिक स्थल, स्कुल एवं शहीद स्मारकों में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता श्रमदान के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी के द्वारा पौधारोपण करते गांव के लोगों को भी पौधारोपण करने प्रेरित किया और कहा कि एक पेड़ मां के नाम जरुर लगाए और उसका देखभाल भी एक शिशु की तरह करे, जब तक पौधा संभल नही जाता। स्वच्छता श्रमदान करने सरपंच निषा दुग्गा, उपसरपंच चुनेश्वर जैन, प्यारसिंग मण्डावी, प्रभारी प्राचार्य तुलसी मण्डावी, जनपद कांकेर के एडीशनल सीईओ सुशील पोटाई, स्व-सहायता समूह की बहने, मितानिन दीदी, शिक्षकगण, कोटवार, पंचगण एवं ग्राम की महिलाए शामिल रहे।

### न्यूरोफिजिशियन डॉ. तपस्या आज कांकेर में देंगी सेवाएं

कांकेर। न्यूरो विशेषज्ञ कलकत्ता की सुप्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉ.



तपस्या 20 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होटल सुन्दरम के पास राठौर मेडिकल में उपलब्ध रहेंगी। सिर दर्द, मिर्गी के दौरे, तीव्र रीढ़ की हड्डी की चौट, स्ट्रोक लकवा, पार्किंसंस रोग, हाथ पैर में झुनझुनी, सिर की चोट हेड इन्ज्यूरी, ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज, सरवाइकल दर्द, मस्तिष्क पक्षाघात, एक तरफ के चेहरे का पक्षाघात, मल्टीपल स्क्लेरोसिस, माईग्रेन कमजोरी, जकड़न, अल्जाइमर याददास्त खोना एवं कम कमर दर्द व नसों में में दर्द के समाधान के लिए उपलब्ध रहेंगी। उक्ताशय जानकारी राजकुमार राठौर ने दिया।

### तालाकुर्रा संकुल में मासिक बैठक का हुआ आयोजन



**कांकेर।** हायर सेकेंडरी तालाकुर्रा संकुल में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी संस्था के प्रधानाध्यापक और शिक्षक सम्मलित हुए। विद्यालय से संबधित पुस्तकालय, गणवेश, नए पुस्तकों की स्कैनिंग विद्यालय में दर्ज संख्या अनुसार पुस्तकों का मांग पत्र, जाति निवास बनाने, विद्यालय विद्युत, शौचालय, बच्चों का मीड डे मील की साफ सफाई, रोपित पौधों की सुरक्षा, शिक्षकों को प्रतिदिवस देनंदिनी लिखना, समय पर विषय अनुसार पढ़ना, समय पर विद्यालय इन सभी बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। संकुल प्राचार्य बनमाली ठाकुर, विनोद बोरकर, शेखर महलवार, चंद्र भुवन ध्रुव एवं भुजबल साहू उपस्थित रहे।

## निधन

### केवलचंद पारख

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के व्यापारी संघ के पूर्व



अध्यक्ष केवलचन्द पारख का निधन हो गया है। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार दुर्गुकोंदल के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में रिश्तेदार, व्यापारी, जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कार्रवाई : परिजनों ने परेशान करने वाले शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की

# शिक्षक से परेशान लापता स्कूली छात्र पुलिस की मदद से रायपुर में बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर




स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बांदे में अध्ययनरत कक्षा 11 वीं के छात्र सुदीप बनिक को पिछले एक साल से लगातार एक शिक्षक के द्वारा परेशान किया जा रहा है, उसे फेल करने और टीसी देने की धमकी देने के साथ-साथ दुर्व्यवहार और मारपीट शामिल है। इस उत्पीड़न के कारण छात्र मानसिक तनाव में आ गया और रहस्यमय तरीके से लापता हो गया। बाद में साइबर टीम की मदद से छात्र को घर से लगभग 300 किमी. दूर रायपुर में सुरक्षित पाया गया। जानकारी के अनुसार छात्र के पिता उत्तम बनिक ने 18 जुलाई को बांदे पुलिस को लिखित में शिकायत दिया उसके अनुसार स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बांदे में पढ़ने वाला उनके बेटे सुदीप बनिक को शिक्षक शरदेन्दु बाला के द्वारा पिछले एक साल से लगातार परेशान कर रहे थे, जिसमें उसे फेल करने, टीसी देने की धमकी देने के साथ साथ दुर्व्यवहार करने तथा मारने पीटने से मेरा बेटा मानसिक तनाव में आ गया और देर रात घर से चला गया। उन्होंने मौखिक रूप से पुलिस विभाग के अधिकारियों को सुदीप के लापता होने की जानकारी दिया। साइबर टीम के प्रयास के बाद मेरा बेटा को खोज निकाला जो रायपुर में सुरक्षित मिला। एएसआई थाना बांदे गिरीश कुर्रे से बात करने पर उन्होंने बताया छात्र सुदीप बनिक वर्तमान में रायपुर में है, जो आगामी कल बांदे पहुंचेगा उसके बयान के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अध्यक्ष ने स्थानांतरण की मांग की

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुनीता मंडल ने बताया पीड़ित परिवार की ओर से मुझे शिकायत मिला है मैंने प्राचार्य से बात कर शिक्षक के स्थानांतरण की मांग किया है।

### शिक्षक ने कहा- आरोप निराधार

इस संबंध में शिक्षक शरदेन्दु बाल ने बताया मुझ पर जो आरोप लगाया लगा है, सभी आरोप निराधार है। प्रभारी प्राचार्य कृपासिंधु घरामी ने बताया लंच ब्रेक के समय सुदीप 12 पैकेट कुरकुरे स्कूल में लाया था, जिस कारण शिक्षक और सुदीप के बीच कहां सुनी हुई थी समझाइश देकर छोड़ दिया गया। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी कोयलीबेड़ा देव कुमार शील से बात करने पर उन्होंने बताया घटना की जानकारी मुझे नहीं है जानकारी लेने के बाद ही कुछ बता पाऊंगा।

## केस वापस लेने और झूठा बयान देने धमकी दी, आरोप पर अपराध कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अदालत में झूठा ब्यान देने के लिए बार बार धमकी देना ओर केश वापिस लेने के लिए दबाव बनाने की शिकायत करने पर मामला दर्ज किया गया। जमानत में छूटने के बाद प्रार्थियां को फोन के माध्यम से बार बार धमकी देने और जान से मारने की कोशिश करने की शिकायत पर कार्यवाही हुई। ताड़ोकी थाना में शिकायत करने पहुंचे मलमेटा निवासी 25 वर्षीय मंजू हुपेण्डी पिता समरथ हुपेण्डी को बताया कि वर्तमान में मूर्यापारा नारायणपुर सरस्वती माकरे के मकान पर किराये में रहती हूं और शो रूम नारायाणपुर में कम्प्यूटर ऑपरेटर का काम करती हू। पूर्व में मैने 6 फरवरी को ताड़ोकी थानांतर्गत आमागांव निवासी खेमराज जैन पिता सुखचंद जैन के विरूद्ध रिपोर्ट लिखवाई थी, जिसमें अपराध क्रमांक 03/25 धारा 64 (1) 69 बीएनएस के तहत आरोपी खेमराज जैन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल से भी आरोपी ने मुझे फोन कर केश वापिस लेने की बात बोल रहा था और जमानत के बाद मुझे कर



अदालत में झूठी ब्यान देने की बात बोल रहा था। पेशी 26 मई को थी, मैने अपने बयान को नही बदली तो खेमराज जैन मुझे मोबाईल से 27 मई को शाम करीबन पौने 7 बजें फोन कर अदालत में अपना बयान नहीं बदली, अब कभी भविष्य में किसी दूसरे व्यक्ति से तेरी शादी होने नही दूंगा, बोलकर अप शब्दो का प्रयोग कर गाली दे रहा था। आरोपी ने 15 जून की रात 10 बजें मुर्यापारा नारायपुर मेरे किराए के मकान पर एड़ानार निवासी सुनिल जैन के भेजने पर आया हु बोलकर मेरा गला दबाकर जान से मारने की कोशीश किया। मै डर की वजह से जान से ना मारने की मिन्नते करने लगी। मुझे धमकाकर मेरा वीडियो बनाया और भविष्य में कभी किसी दूसरे व्यक्ति से शादी करेगी, तो मैं उसे जान से मार दूंगा और तू विधवा होकर जिंदगी जिएगी, जिस परिवार में तेरा शादी होगा उस परिवार के पूरे खानदान को जान से मार दूंगा की धमकी देने लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी खेमराज जैन के खिलाफ धारा 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## ईडी व भाजपा सरकार का कांग्रेस ने पुतला दहन कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल एवं उनके परिवार के ऊपर की गई छापेमारी की कार्यवाही के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा द्वारा पुराना बस स्टैंड में भाजपा सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजपा सरकार के द्वारा ईडी का दुरुपयोग न केवल लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर रहा है बल्कि हमारे संविधान की मूल भावना पर भी हमला कर रहा है। ईडी जो एक स्वतंत्र जांच एजेंसी होनी चाहिए, आज भाजपा के लिए एक राजनीतिक हथियार बन गई है। इसका प्रयोग विपक्षी दलों को कमजोर करने उनके नेताओं को डराने और लोकतांत्रिक आवाज को कुचलने के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों के नेताओं को झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है, ताकि कि वे जनता के मुद्दों को उठाने से पीछे हट जाए। यह केवल हमारे शीर्ष नेतृत्व तक सीमित नहीं है, बल्कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं, नेताओं, परिवारों और समर्थकों को भी लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। बिना किसी ठोस आधार के उन्हें नोटिस भेजे जा रहे हैं, गिरफ्तार किया जा रहा है और छापेमार की कार्यवाही करके मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। पुतला दहन में प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष चाकेश्वर गढ़पाले, यासीन कराणी, हेमनारायण गजबल्ला, मनोज जैन, रोमनाथ जैन, सरजू शोरी, मृदुला भास्कर, अजय रेणु, शिवांकित श्रीवास्तव, खोमेन्द्र उइके, लोमेन्द्र यादव, उदयप्रकाश शर्मा, कमल ध्रुवा, मतीन खान, ओमप्रकाश देवांगन, चंद्रलोक ठाकुर, मुकेश तिवारी, आदर्श गुप्ता, अनमोल मंडावी, शेष गजबिए, विजय यादव, कमल नागवंशी, फैजल मेमन, नरसिंग तेता, पवन कांगे, निरंजन भास्कर, नीलेश कौशिक आदि उपस्थित रहे।

## अस्पताल से वाहन की चोरी एक माह बाद शिकायत की

**कांकेर।** चारामा के रानी दुर्गावती सरकारी अस्पताल परिसर में खड़ी वाहन को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। वाहन का मालिक अपने वाहन को अस्पताल परिसर में खड़ी कर बिलासपुर चला गया था। वापिस आया, तब तक वाहन चोरी हो चुकी थी। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे शाहवाड़ा



निवासी गौकरण कोड़ोपी पिता उजियार सिंह कोड़ोपी ने पुलिस को बताया कि 11 जून गुरुवार को सुबह लगभग सुबह 8 बजे चारामा से बिलासपुर जाने के लिये आया था और चारामा से बिलासपुर जाने से पहले अपनी गाड़ी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीए 2009 रानी दुर्गावती सरकारी अस्पताल चारामा के परिसर में खड़ी कर बिलासपुर चला गया। रात में करीबन साढ़े 10 बजें वापस आया तो मेरा वाहन उक्त स्थान पर नहीं था। आस-पास लोगो से पूछने पर भी कुछ पता नहीं चला। मैं रात को लगभग 15 से 20 मिनट तक गाड़ी को ढूंढा पर कुछ भी पता नहीं चला, अज्ञात चोर ने मेरे वाहन को चोरी कर लिया है। शिकातय पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## पुष्पा स्टील में ब्लास्टिंग पर कर्मचारियों में हुआ विवाद, पीड़ित ने रिपोर्ट कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- ब्लास्टिंग का कार्य दूसरे को देने पर जान से मारने दी धमकी

चेमल में स्थित पुष्प स्टील कंपनी में ब्लास्टिंग कार्य को लेकर कर्मचारियों में विवाद हो गया और विवाद इतना बढ़ा कि जान से मारने की धमकी तक मामला बढ़ गया। पीड़ित ने घटना की जानकारी संबंधित थाना लोहत्तर को दिया। लोहत्तर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। विवाद के दौरान यह भी बात सामने आई कि इस कंपनी का विवादों से नाता बना हुआ है और सदैव विवाद होता रहता है। लोहत्तर थाना में शिकायत करने पहुँचे राजेश पिता शंभू प्रसाद गुप्ता ने पुलिस को बताया कि 11 जुलाई को दोपहर लगभग 12 बजे मैं पुष्प स्टील एण्ड माईनिंग प्रालि हाहालद्दी माईस, चेमल कार्यालय में कार्य कर रहा था। उसी समय हमारे कंपनी के ब्लास्टिंग कान्ट्रेक्टर कृष्णमूर्ति चिट्टीडिस मेरे मोबाईल नम्बर फोन किया और कहा कि हमारा ब्लास्टिंग का कार्य अन्य एजेंसी से करवा रहे हो और भुगतान भी रोक दिया गया है। आपने अन्य कान्ट्रेक्टर का पक्ष और कमीशन लेकर काम दूसरे को दे दिया है। मैंने कहा कि आपने समय पर कई बार स्मरण पत्र दिए जाने के बाद भी ब्लास्टिंग का मटेरियल सप्लाई नही किया, जिससे कंपनी का उत्पादन बाधित हुआ।

इसी बात से उतेजित होकर आरोपी कृष्णमूर्ति चिट्टीडिस ने गाली दिया और जान से मारने की धमकी दिया। कंपनी के कर्मचारी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कृष्णमूर्ती चिट्टीडिस के खिलाफ धारा 296, 351 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### निगम दफ्तर में चलायागया स्वच्छता अभियान

**गीदम।** संभाग आयुक्त के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को कार्यालय की साफ सफाई के साथ-साथ फाइलों को व्यवस्थित रखने, ऑफिस में टूटे फूटे सामान हटाने एवं ऑफिस के आसपास सफाई रखने हेतु निर्देश प्राप्त हुए है। जिसके परिपालन मे नगर पंचायत गीदम कार्यालय में शनिवार सुबह 8 बजे से 9 बजे तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत गीदम हुलसी प्रधान, उप अभियंता मुकेश कुमार कोर्राम, लेखापाल अंकित जैन एवं समस्त अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हाई स्कूल इरागांव में संकुल स्तरीय मनाया गया प्रवेशोत्सव

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत संकुल केन्द्र ईरागांव में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। अतिथियों की उपस्थिति में सरस्वती माता की छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। संकुल प्रभारी प्रचार्य बिरेन्द्र कुमार रावटे द्वारा स्वागत कर शाला प्रवेश उत्सव के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य दुर्गुकोंदल पीलम नरेटी के द्वारा बच्चों एवं शिक्षकों को मार्गदर्शन एवं मोटिवेशन किया गया। उन्होंने शिक्षकों से कहा की बच्चों को अधिक से अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं नवोदय एवं प्रयास एकलव्य के लिए तैयार करें एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करें। संकुल ईरागांव के शालाओं में वाटर कुलर दिलाने एवं स्कुल की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रयास करने की बात कही जो बहुत ही सराहनीय है। विशेष अतिथि बलराम टेपरिया द्वारा बच्चों को लक्ष्य निर्धारण कर पढ़ाई करने का सुझाव दिया गया। बरहेली के सरपंच एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रही प्रिया वाडिवा ने बच्चों को कौशल आधारित एवं मूल्य परख शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया। इसके अलावा कार्यक्रम को दुष्यन्त वाडिया



एवं चैनुराम सिवाना के द्वारा भी सम्बोधन किया गया। संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, पुष्प गुच्छ, बच्चों को पाठ्यपुस्तक, गणवेश, कापी, पेन एवं मीठाई खिलाकर अतिथियों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा हाईस्कूल शाला प्रांगण में पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम में नरेश कोमरा, कृष्णा पटेल एवं संकुल आश्रित शालाओं के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण संकुल प्राचार्य संकुल समन्वयक, समस्त प्रधान अध्यापक, शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## माटोली की शाला में धूमधाम से मनाया गया प्रवेशोत्सव



**पखांजूर।** शाउमा विद्यालय माटोली में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना, उन्हें स्वावलंबी, आत्मनिर्भर और अनुशासित बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में नवप्रवेशी को बच्चों मिठाई खिलाकर एवं तिलक लगाकर, कॉपी, पुस्तक और ड्रेस भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय की ओर से बाउंड्री वॉल और साइकिल स्टैंड की मांग रखी गई थी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य दीपांकर राय ने बाउंड्री वॉल बनाने की घोषणा की और शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस पर जनपद अध्यक्ष श्यामवती मांडवी और जनपद उपाध्यक्ष मंजू सरदार ने साइकिल स्टैंड बनाने की घोषणा की। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण भी किया गया और नवप्रवेशी बच्चों के साथ नेवता भोज का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण शाह, राजेश नायर, मनोज हालदार, गणेश शाह, सरपंच सुखवती मरकाम, गीता रानी हालदार, निर्मला दास, दीप्ति शाहा, श्याम कुमार तिवारी एवं विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप विश्वास, प्रधानाचार्य मृधा, पिंकी ठाकुर, तारक बैरागी उपस्थित रहे।

## आवासपारा शाला जर्जर, हादसे की आशंका, बच्चों की जान को खतरा

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला आवासपारा साल में अध्ययनरत नन्हे-मुन्ने छात्र अपनी जान जोखिम में डालकर जर्जर भवन में शिक्षा प्राप्त करने को मजबूर हैं।



सरकार भले ही शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू कर रही हो, पंरतु जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है।

प्राथमिक शाला आवासपारा का भवन पिछले कई वर्षो से उपयोग में है, लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि किसी भी क्षण बड़ी दुर्घटना घट सकती है। छत का मलबा लगातार नीचे गिर रहा है और पूरी छत एक ओर झुक चुकी है, जिससे स्पष्ट है कि भवन पूरी तरह असुरक्षित हो चुका है। इसके बावजूद यहां रोजाना बच्चे पढ़ाई करने आ रहे हैं। पालक वर्ग इस स्थिति को लेकर बेहद चिंतित हैं, परंतु शिक्षा विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिन विद्यालयों की इमारतें ठीक-ठाक हैं, वहां मरम्मत पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, जबकि जिन भवनों को पूर्ण रूप से ध्वस्त कर पुनर्निर्माण की जरूरत है, उन्हें अनदेखा किया जा रहा है। पालकों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से माँग किया है कि जल्द से जल्द इस विषय पर संज्ञान लेते हुए भवन निर्माण या स्थानांतरण की व्यवस्था किया जाए, ताकि बच्चों की जान सुरक्षित रह सके।

पैराडाइज हायर सेकंडरी सीबीएसई स्कूल में किया गया आयोजन

## विश्व इमोजी व पेपर बैग दिवस पर बच्चों ने आर्ट और क्राफ्ट पर दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल में विश्व इमोजी एवं पेपर बैग दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी से आठवी तक के बच्चों ने विभिन्न आर्ट एवं क्राफ्ट में भाग लेकर अपनी प्रतिभा एवं कला का प्रदर्शन किया। इमोजी डे के अवसर पर आर्ट एवं ड्राईग के माध्यम से हमारे जीवन के सारे इमोशन, खुशी, दुख, चिंता, हसना, रोना, डरना, साहस आदि भावनाओं को दर्शाया गया। इन सभी भावनाओं के साथ जीने से ही हमारा जीवन सम्पूर्णता को प्राप्त करता है।

विश्व इमोजी एवं पेपर बैग दिवस में बच्चों के द्वारा स्माइली इमोजी, ड्राईग, ग्रिटिंग कार्ड मेंकिग, तोरण एवं विभिन्न रंगों के पेपर बैग बनाकर कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। असीम आनंद के साथ-साथ अपने अन्दर छुपी हुई प्रतिभाओं को अपने कला कौशल एवं आर्ट के माध्यम से प्रस्तुत किया। स्कूल समय-समय पर इस प्रकार के शिक्षाप्रद एवं कलात्मक गतिविधियाँ कराकर बच्चों के शिक्षण कार्य में सहायता प्रदान करने के लिए मार्गदर्शित करते है तथा बच्चों के कलात्मक, बौद्धिक, और चारित्रिक विकास में योगदान देते है। इस अवसर पर बच्चों को पेपर बैग के लिए जागरूक किया गया एवं बच्चों को विभिन्न रंगों के कागजों द्वारा पेपर बैग बनाना सिखाया गया।

### पेपर बैग का उपयोग करने किया प्रोत्साहित



दैनिक जीवन में पेपर बैग का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा आसपास के लोगों और अपने परिवार के लोगों को पेपर बैग उपयोग करने के लिए संदेश देने को कहा गया। पेपर बैग के लाभों को बताकर पर्यावरण के प्रति सजग किया गया। कार्यक्रम में गितिका शोरी, सिम्मी सिन्हा, तनूजा मरकाम, अनम अली, आशि सिंह, यश नागारची, मान्या तिवारी, झरना सिन्हा, रोशिता कोर्राम, ट्विंकल नाग, यशस्वी पोर्ते, प्रतिभा नेताम, कुनाल सिन्हा, कमलेश धनकर, वासीब खान, लिपि बोरकर, पिहू हिरदानी, कनिका हजरा, याशिका मीना, सगुफ्ता कुरैशी आदि छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट एमोजी आर्ट एवं पेपर बैग बनाया गया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एकेडमिक हेड सुनील कुमार पंडा के मार्गदर्शन तथा इस कार्यक्रम का संचालन स्कूल कोऑर्डिनेटर एवं आर्ट एवं क्राफ्ट के शिक्षक एश्वर्या साहू, वरिष्ठ शिक्षक रूबी खान आदि शिक्षकों का योगदान रहा।



कैलाश मानसरोवर यात्रा
25 जुलाई, 14 अगस्त, 23 सितंबर 2025 (12 रात 13 दिन)
सुविधा:- 3 स्टार होटल, दूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
राशि:- (13 दिन) 2,10000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411